हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 फरवरी 2026

04 एनएसएस शिविर के समापन दिवस के अवसर...



07 सोवत में हुई नकबजनी की घटना में पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोचा





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 01 आदतन अपराधी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत 06 माह के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गये हैं। जारी आदेश अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी विनोद पुत्र खुशाल सिंह केवट उम्र 37 साल निवासी नवीन कॉलोनी थाना बजरंगगढ जिला गुना को 06 माह के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं।

### किसानों से जुड़ी योजनाओं का होगा विशेष सैचुरेशन अभियान

**गुना।** भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने की निर्देश जारी किये है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले में किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन (सैचुरेशन) हेतु जिला स्तर पर आवश्यक कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार कृषि वर्ष के दौरान किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण सहित अन्य कृषि योजनाओं पर विशेष फोकस रहेगा।पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन पीएम किसान पोर्टल/एप के माध्यम से किया जाएगा। सभी हितग्राहियों के आधार से बैंक खाते लिंक कराए जाएंगे, ताकि लाभ राशि सीधे खातों में हस्तांतरित हो सके। योजना का लाभ लेने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य किए जाने के कारण किसानों की फार्मर आईडी बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अपात्र एवं संदिग्ध हितग्राहियों का चिन्हांकन कर सत्यापन किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत किसानों की यूनिक डिजिटल पहचान तैयार कर सभी कृषि भूमियों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के अंतर्गत खेतों पर जाकर फसलों की फोटो लेकर सत्यापन किया जाएगा तथा किसानों द्वारा की गई आपत्तियों का 72 घंटे में निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजनाओं की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रहे। कृषि वर्ष 2026 को सफल बनाने के लिए प्रशासन, विभागीय अमले एवं किसानों के सहयोग से व्यापक स्तर पर कार्य किया जाये।

### कक्षा 7वीं, 8वीं व 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के आवेदन आमंत्रित

**गुना ।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, गुना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। अनुसूचित जनजाति के इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी विद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक आवश्यक दस्तावेज- आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पिछली कक्षा की अंकसूची एवं एक पासपोर्ट के साथ आवेदन कर सकते हैं।


### कैंट पुलिस ने गबन का मामला दर्ज किया

**गुना।** जिले के कैंट थाना क्षेत्र में बिजली चोरी या धोखाधड़ी का नहीं, बल्कि सरकारी विद्युतीकरण कार्य के लिए दिए गए लाखों के मटेरियल के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। भोपाल की प्रशांत इलेक्ट्रिकल्स फर्म के सुपरवाइजर नीरज चौहान ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी कंपनी द्वारा कुस्मौदा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित स्टोर से उप-ठेकेदारों को कार्य के लिए विद्युत सामग्री उपलब्ध कराई गई थी।शिकायत के अनुसार, अनुबंध के तहत कार्य पूर्ण होने के बाद शेष मटेरियल स्टोर में वापस जमा करना था। लेकिन उप-ठेकेदार नितिन चौधरी और चंद्र प्रकाश (दोनों निवासी इटावा, उत्तर प्रदेश) लगभग 10 लाख रुपये मूल्य का मटेरियल लेकर रफूचक्कर हो गए। गायब सामग्री में रैकून, डग कंडक्टर, विभिन्न साइज की केबल और फैब्रिकेटेड मटेरियल शामिल है। आरोप है कि इन उप-ठेकेदारों ने या तो इस कीमती सामान का स्वयं उपयोग कर लिया है या फिर उसे बाजार में बेच दिया है। बार-बार संपर्क करने के बाद भी जब मटेरियल वापस नहीं मिला, तो कंपनी ने पुलिस की शरण ली।

## गाडगे महाराज जयंती पर सम्मान व प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष लोढा ने की मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर सोमवार को शहर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया । यह आयोजन श्री कैलादेवी मंदिर, रशीद कॉलोनी में शाम 4 बजे से शुरू हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंदसिंह लोढा ने समाज जनों से कहा कि वे गॉडगे जी महाराज के मंदिर का निर्माण प्रारंभ करें उसके निर्माण में जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी वह मणिधारी परिवार करेगा।कार्यक्रम के तहत समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया तथा प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित कर सम्मानित किया । आयोजन में समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।यह आयोजन श्री कैलादेवी मंदिर रजक समाज समिति, रशीद कॉलोनी द्वारा किया गया है, जिसमें सामाजिक एकता, स्वच्छता संदेश और प्रतिभाओं के सम्मान पर विशेष जोर दिया । रजक समाज के नागरिकों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया ।



### कौशल उन्नयन व नेतृत्व विकास पर हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

गुना । मप्र राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित गुना के संयुक्त तत्वाधान में मत्स्य सहकारी समितियों के सदस्यों, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/कर्मचारियों को कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21 एवं 22 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य केडिट कार्ड, सदस्यों के अधिकार एवं नवीन मॉडल वायलॉज, मत्स्य तकनीकी में नये अवसरों नई तकनीकी के संबंध मे प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कार्यक्रम मे म०प्र०राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल से सहकारी प्रशिक्षक बाबूलाल कुशवाह, सहकारिता विभाग गुना से विजय गुप्ता सहकारी निरीक्षक, शिवम सिंघल सहकारी निरीक्षक, सत्येन्द्र शर्मा प्रबंधक, जिला सहकारी संघ मर्यादित गुना उपस्थित रहें।

### सीएमओ को पत्र लिखकर दो दिन में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी

# बैजू चौराहे पर हो रहे चार मंजिला निर्माण को लेकर नपाध्यक्ष सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों को लेकर अब नगर पालिका परिषद सख्त रुख में दिखाई दे रही है। सविता अरविन्द गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गुना ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र जारी कर शहर के मध्य स्थित बैजू चौराहा पर बनाए जा रहे चार मंजिला व्यावसायिक भवन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।जारी पत्र में बताया गया है कि गुना के मुख्य बाजार क्षेत्र में, विधायक निवास के समीप पिछले सात-आठ महीनों से अवैध निर्माण कार्य जारी है, लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों, अतिक्रमण दस्ते तथा संबंधित वार्ड के उपयंत्री द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अध्यक्ष ने इस पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि आखिर किस दबाव या कारण से मामले में संज्ञान नहीं लिया गया।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि आम नागरिकों पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाती है, जबकि बड़े निर्माणों पर ढिलाई नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। अध्यक्ष ने उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं अपने निजी भवन का निर्माण अनुमति लेकर ही कराया था, इसलिए सभी पर समान नियम लागू होना चाहिए।



### दो दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए

मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि संबंधित अवैध निर्माण पर नगर पालिका अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई कर दो दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

### शहर में चल रहे अवैध निर्माणों पर की गई कार्रवाई की जानकारी

सात दिवस में पत्र के माध्यम से नपा अध्यक्ष ने मेन ए.बी. रोड, सदर बाजार, अशोक नगर रोड, आरोन बी.जी. रोड और बूढ़े बालाजी रोड सहित शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में चल रहे अवैध निर्माणों पर की गई कार्रवाई की सात दिवस में विस्तृत जानकारी देने को कहा गया है।अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि भविष्य में शिकायत मिलते ही वार्ड-वार जांच कर बिना किसी दबाव के कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर जिला प्रशासन एवं कलेक्टर से सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### विधायक निवास के पास अवैध निर्माण से नपा की छवि प्रभावित

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि विधायक निवास के पास अवैध निर्माण होने से नगर पालिका की छवि भी प्रभावित हो रही है, इसलिए ऐसे मामलों में शीघ्र और कड़ी कार्रवाई अनिवार्य है।पत्र की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर को भी भेजी गई है, ताकि प्रशासनिक सहयोग से अवैध निर्माणों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उक्ताशय के पत्र की एक प्रतिलिपि नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर को भी प्रेषित की है और मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई का आग्रह किया है।

## सरकारी अस्पताल बना महिलाओं के लिए मजबूरी का केंद्र

**प्रसूति वार्ड का शौचालय बदहाल, व्यवस्था पर सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान जिला अस्पताल गुना में प्रसूति वार्ड के महिला शौचालय की हालत गंभीर लापरवाही की कहानी बयां कर रही है। यहां डिलीवरी वाली महिलाओं को मजबूरी में ऐसे गंदे और असुरक्षित शौचालय का उपयोग करना पड़ रहा है, जो संक्रमण और दुर्घटना का बड़ा खतरा बन चुका है।

जानकारी के अनुसार ऑपरेशन (सी-सेक्शन) से प्रसव कराने वाली महिलाओं और नॉर्मल डिलीवरी के बाद कमजोर अवस्था में मौजूद माताओं के लिए चलना-फिरना तक मुश्किल होता है। इसके बावजूद उन्हें जोखिम उठाकर टूटे-फूटे, गंदगी से भरे और बदबूदार शौचालय तक पहुंचना पड़ रहा है।

### संक्रमण का खतरा जिम्मेदार बेखबर

प्रसूति के बाद महिलाओं को साफ-सफाई और संक्रमण-मुक्त वातावरण की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की अनदेखी के कारण हालात उलटे दिखाई दे रहे हैं। गंदगी, पानी निकासी की खराब व्यवस्था और फिसलन भरी जमीन किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकती है।



### स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल

सरकार सुरक्षित मातृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि नई माताओं को बुनियादी सुविधा साफ शौचालय तक नसीब नहीं हो पा रहा। सवाल यह है कि जब प्रसूति वार्ड जैसी संवेदनशील जगह पर यह स्थिति है, तो बाकी व्यवस्थाओं का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

**उठी मांग :** व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार होस्थानीय लोगों और परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से तत्काल सफाई, मरम्मत और नियमित निगरानी की मांग की है, ताकि प्रसूता महिलाओं को मजबूरी नहीं बल्कि सम्मानजनक सुविधा मिल सके।

## नायब तहसीलदार ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नायब तहसीलदार म्याना आरती गौतम द्वारा कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के तहत उन्होंने शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय म्याना तथा दिव्यांश हायर सेकंडरी पब्लिक स्कूल म्याना का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कुछ कक्षों में दीवार घड़ी न होने पर तत्काल घड़ी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि परीक्षार्थियों को समय प्रबंधन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।नायब तहसीलदार ने केंद्राध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्णतः नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए। उन्होंने परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।




## लापता मजदूर का शव पेड़ पर लटका मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुनाई से रविवार दोपहर से लापता 55 वर्षीय हरिराम कुशवाह का शव सोमवार को जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला। मृतक मकान बनाने का काम करते थे और मजदूरी से जुड़े थे। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, वहीं परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हत्या की आशंका जताई है।परिजनों के अनुसार, हरिराम कुशवाह रविवार दोपहर करीब 12 बजे घर से यह कहकर निकले थे कि उन्हें कुछ लोगों ने बुलाया है। जब वे देर शाम तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और स्वयं भी ग्रामीणों के साथ सर्चिंग शुरू की। मृतक के बेटे का आरोप है कि उन्होंने म्याना और कैंट दोनों थानों से मदद मांगी, लेकिन उन्हें उचित सहयोग नहीं मिला। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे भदौरा के पास केदारनाथ रोड स्थित चीरा घाट के जंगल में हरिराम का शव एक पेड़ पर तौलिया के फंदे से लटका मिला। मृतक के परिवार ने इस मामले में हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हरिराम जिन लोगों का नाम लेकर घर से निकले थे, उनकी भूमिका की जांच होनी चाहिए। घटना की सूचना मिलने पर म्याना थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गुना भेज दिया है। मृतक अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक संपन्न, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे

# बिना सूचना अनुपस्थित होने पर कड़ी चेतावनी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में विकास कार्यों की प्रगति, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग निर्धारित लक्ष्यों तक सीमित न रहें, बल्कि उससे आगे बढ़कर कार्य करें तथा आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।




### यातायात सुधार व अतिक्रमण हटाने के निर्देश

कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदारों को यातायात व्यवस्था में सुधार तथा अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित यातायात और स्वच्छ शहर प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए नियमित मॉनिटरिंग के साथ ठोस कार्रवाई की जाए।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने पर जोर

आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नगर पालिका एवं स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए इन क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता दी जाए।

गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने नगर पालिका को पेयजल व्यवस्था की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने, सीवर लाइन, स्वच्छता एवं अन्य लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी कर वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत कैशलेस उपचार

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राहत योजना की जानकारी दी गई। योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना की स्थिति में अस्पताल में डेढ़ लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।आगामी 28 फरवरी एवं 01 मार्च 2026 को मानस भवन, गुना में आयोजित होने वाली पुष्प प्रदर्शनी को लेकर भी तैयारियों की समीक्षा की गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डे ने बताया कि गुना में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना के तहत 750 उपभोक्ता पीएनजी गैस पाइपलाइन से लाभान्वित हो रहे हैं। वर्तमान में पांच सीएनजी पंप संचालित हैं तथा एक नया पंप शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने पर जोर

बैठक के अंत में जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### राजश्री के दाम को लेकर खूनी संघर्ष, दुकानदार को लाठियों से पीटा

गुना। जिले के कुंभराज थानांतर्गत खटकिया तिराहे पर गुटखा पाउच की कीमत को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। कलयुगी दौर में महज 5 रुपये के अंतर पर एक ग्राहक ने अपने साथियों के साथ मिलकर न सिर्फ दुकानदार को गालियां दीं, बल्कि उन पर लाठियों और लात-घूसों से जानलेवा हमला भी कर दिया। ग्राम खटकिया निवासी विवेक गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता मुरारी गोस्वामी तिराहे पर गुमठी चलाते हैं। गत शाम करीब 7 बजे कांधाखेड़ी निवासी रामकुमार मीना वहां पहुंचा और राजश्री की पुड़िया मांगी। दुकानदार ने जब पाउच की कीमत 25 रुपये बताई, तो रामकुमार भड़क गया और 20 रुपये की एमआरपी का हवाला देते हुए विवाद करने लगा। बात इतनी बढ़ी कि आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों (जिन्होंने मुंह बांध रखा था) को बुला लिया और बुजुर्ग दुकानदार पर हमला बोल दिया। इस दौरान मुरारी गोस्वामी के हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आए निखिल और शरद गोस्वामी ने पीड़ित को बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## समाचार संक्षेप

### शशि अहिरवार का महिला मंडल ने किया सम्मान



गुना। शशि अहिरवार को गुना से सुब्रमण्यम अवार्ड मिलने पर महिला मंडल में ने खुशी की लहर है । महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी बहन शशि अहिरवार ने समाज में एक मिसाल कायम की है हम सबको बहुत गर्व है। शशि अहिरवार का संघर्ष हमने देखा है । इतने सालो से लगातार कार्य कर रही है हमारी कोई भी परेशानी हो समस्या का समाधान करवाने को हमेशा तत्पर रहती है। हम इनके उज्वल भविष्य की कामना करते है। इस अवसर श्री राम कॉलोनी से आई समस्त बहनें प्रेम , सुनीता, कमरबाई, सविता, असर्फी बाई सहित अन्य बहनों ने पुष्प माला से शॉल देकर सम्मान किया वही अगले दिन शशि अहिरवार का बालाजी कालोनी में भी सम्मान समारोह किया गया।

### स्वर्गीय आशा सिंह की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर 27 को

गुना। जैन मिलन राघौगढ़, प्रगति मानव सेवा संस्थान, ट्रक यूनियन विजयपुर, लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना के संयुक्त तत्वावधान में रानी साहिबा स्वर्गीय आशा सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर 27 फरवरी शुक्रवार को राघौगढ़ नगर में 60 वां निशुल्क नेत्र शिविर एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक, नेत्र शिविर समिति के सचिव विजय कुमार जैन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया है कोठी



बाग राघौगढ़ में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर एवं दंत चिकित्सा शिविर में आंखों के मरीजों की जांच लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ करेंगे। जिन मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया जाएगा, उनके ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण लॉयंस नेत्र चिकित्सालय गुना में 28 फरवरी को होंगे। नेत्र रोगियों को राघौगढ़ से गुना ले जाने, गुना में मरीज एवं सहायक को ठहरने भोजन एवं दवाओं की निशुल्क व्यवस्था की गई है। आयोजित दंत चिकित्सा शिविर में राघौगढ़ नगर के ही सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉक्टर अखलाक अहमद, डॉक्टर साहब अली, डॉक्टर रिया जैन, डॉक्टर अंशुल सिंह राठौर दांतों के मरीजों का परीक्षण उपचार एवं निशुल्क दवाएं प्रदान करेंगे। दंत चिकित्सा शिविर में निशुल्क दावों का वितरण भारत मेडिकल एजेंसी राघौगढ़ के सौजन्य से किया जाएगा। जिन मरीजों के ऑपरेशन होंगे उन्हें 28 फरवरी को लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय गुना में निशुल्क कंबल वितरण अणुमेह किरण सेवा न्यास पवन श्रीमाल इंदौर के सौजन्य से किया जाएगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नेत्र शिविर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार लाहोटी, कोषाध्यक्ष शीतल चंद कठारी, नगरपालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल वत्स, सह सचिव मनीष जैन अन्ना चौधरी आदि ने आंखों के मरीजों एवं दांतों के मरीजों से अपील की है कि शिविर का लाभ उठाएं।

# एनएसएस शिविर के समापन दिवस के अवसर पर हुआ प्रमाण पत्र वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏩ चांचौड़ा



शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोदग्राम सागर में आयोजित किया जा रहा है । जिसमें समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय सुठालिया के प्राचार्य डॉ वीएस बैश विशेष अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी श्रवण कुमार विशिष्ट अतिथि रामानंद आश्रम शाखा ग्राम सागर के मनोहर दास जी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आर पी मीना द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात सरस्वती वंदना दीपा माली और सलोनी सेन द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत निकिता धाकड़ द्वारा गाया गया। एन एस एस गीत छात्रा दीपा माली द्वारा प्रस्तुत किया गया। एन एस एस स्वयंसेवकों के सात दिवसीय शिविर का अनुभव अनुराग शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। एन एस एस स्पीच शिवानी नामदेव एवं कविता पूर्वी माली द्वारा प्रस्तुत की गई। एन एस एस के नारे छात्र रवि साहू द्वारा लगवाए गए। प्राथमिक विद्यालय के छात्रों छात्राओं द्वारा कविता प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विशेष अतिथि महिला विकास अधिकारी द्वारा एन एस एस छात्राओं की तारीफ करते हुए कहा कि आज लड़कियां सभी क्षेत्र में आगे आ रही हैं साथ ही उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ बैश द्वारा अतिथि ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गोदग्राम में स्वयंसेवकों ने वसुदेव कुटुमकंब की भावना से कार्य किया है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को एन एस एस का अग्रदूत बताया और उनको अपने घर मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया और स्वयंसेवकों को एन एस एस शिविर में सात दिन में जो भी शिक्षा मिली उसको जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि डॉ बैश एवं प्राचार्य डॉ आर पी मीना म डॉ शैलेन्द्र परिहार एवं डॉ संतोष साहू द्वारा सभी राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवकों को उनकी उपस्थिति कार्यप्रणाली और अनुशासन के आधार पर और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को भी प्रमाण पत्र और ईनाम प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में एन एस एस सह प्रभारी डॉ मंजू शर्मा डॉ रीतू राजपूत डॉ धर्मवीर जाटव डॉ हरीश शर्मा धर्मेंद्र अहिरवार प्रकाश चंद्र शर्मा रामनारायण साहू एवं एन एस एस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक महक माली द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में आभार स्वयंसेवक दीपा माली द्वारा व्यक्त किया गया।

## स्वच्छता के जनक संत श्री शिरोमणि गाडगे महाराज की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏩ चांचौड़ा

स्वच्छता के जनक संत श्री शिरोमणि गाडगे महाराज की 150वीं जयंती का आयोजनचाचौड़ा न्यू तहसील के पीछे स्थित नाहरसिंह बाबा का स्थान (तलाई) पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुरुद्ध मीना रहे, जबकि चांचौड़ा विद्यालय प्रतिनिधि संतोष मीना अपने सहयोगियों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।\ अतिथियों का स्वागत रजक समाज चांचौड़ा–बीनागंज एवं क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्पमालाओं से किया गया।आयोजन में समाजजनों ने संत गाडगे महाराज के स्वच्छता, सामाजिक समरसता एवं सेवा के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की सफलता में दुकीचंद्र, मांगीलाल, सुरेश, महेश, मोहन, संजय, दीपक सहित समस्त रजक समाज चांचौड़ा–बीनागंज क्षेत्रवासियों का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर नारायणलाल (गुरु), मनीष (गुना), प्रकाशचंद्र वास्टी (राघौगढ़), दिवाकर आवरे (गुना), देवेंद्र रजक एवं राजेंद्र वास्त्रि भी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक स्वच्छता संदेश के साथ आयोजन का समापन किया गया।

## जिला प्रशासन गुना द्वारा 25 फरवरी को युवा संगम रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुना

जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 फरवरी 2026 को युवा संगम कार्यक्रम (रोजगार मेला) का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत विश्राम गृह (शुभ विदाई गार्डन), गुना में आयोजित होगा।नगर परिषद आरोन द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेले का लाभ उठाएं। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।निजी कंपनियां देंगी रोजगार अवसररोजगार मेले में टीम गुरुदेव सॉल्यूशन मैनपावर (देवास), गोल्डन फार्मर एग्रोनिक (सागर), अलाइंस रिसोर्ट्स मैनेजमेंट (पीथमपुर), न्यूमेक्स ग्रुप (हिमाचल प्रदेश), रिया एंटरप्राइजेस (मोपाल), यज्ञकी इंडिया (गुजरात), हाई टेक गियर (भिवाड़ी, राजस्थान) तथा चेकमेट सिक्योरिटीज (गुजरात) सहित विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी।इन कंपनियों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, टेक्नीशियन, सेल्समैन, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, सुपरवाइजर सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही कौशल प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में युवाओं को विभिन्न कौशल विकास एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप योजना 2025, नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य विभाग कैंप तथा श्रम एवं वित्तीय प्रबंधन संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक अंकसूचियों की छायाप्रति, व्यक्तिगत बायोडाटा एवं समग्र आईडी साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सब कर्मों के फल का त्याग श्रेष्ठ है क्योंकि त्याग से तत्काल ही परम शांति मिलती है

### विशेष गीता स्वाध्याय हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुना



जो मनुष्य मन बुद्धि आदि पर विजय प्राप्त कर सब कर्मों के फल को त्याग कर मेरी भक्ति करता है वह मुझे ही प्राप्त होता है । अभ्यास से ज्ञान श्रेष्ठ है ज्ञान से परमात्मा का श्रेष्ठ है और ध्यान से भी सब कर्मों के फल का त्याग श्रेष्ठ है क्योंकि त्याग से तत्काल ही परम शांति मिलती है। उपरोक्त विचार पंडित रामकुमार तिवारी ने सौरभ भार्गव के स्वनिवास मनोरमा डिपार्टमेंटल स्टोर पर गीताजी के बारहवें अध्याय भक्ति योग के संबंध में व्यक्त किए। गीता स्वाध्याय के प्रारंभ में उनके बालक द्वारा गीताजी का पूजन किया। स्वाध्याय गीत, गणेश, गौरी, गुरु वंदना रामायण की चौपाइयों का मधुर कण्ठ से गायन तथा भक्ति योग अध्याय बारह के पूरे श्लोकों का स्वाध्याय पंडित अंकित पाण्डेय ने कराया।

सुभाषित में श्रीमती चंद्रप्रभा भार्गव ने बताया कि पुस्तक में रखी हुई विद्या और दूसरे को उधार दिया हुआ धन समय पर नहीं मिलता है। अमृत वचन में पंडित राधेश्याम शर्मा मुद्गल ने बताया कि परमात्मा से बड़ा डाक्टर और दुआ से बड़ी कोई दवा नहीं होती।

प्रेरक प्रसंग में श्रीमती कविता शर्मा ने बताया कि विषम परिस्थिति में भी जो मनुष्य धैर्य को नहीं छोडता और उनका सामना कर हल खोजता है वहीं महान होता है। गीता भजन क्यों व्यर्थ समय बर्बाद करें आओ हम मिल स्वाध्याय करें का गायन अंकित पाण्डेय ने कराया जिसका सभी ने अनुगायन किया। स्वाध्याय में श्रीमती मनोरमा भार्गव, राधिका, हेमलता सक्सेना, राखी भार्गव, विद्या देवी, दीप्ति, आशा, सीमा , सौरव, बुंदेल सिंह यादव, जगदीश प्रसाद भार्गव, बृजभूषण शर्मा,भगवान दास, गायत्री देवी , सुधीर सक्सेना , रामसिंह रघुवंशी, रामस्वरूप सेन, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, रामेश्वर शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह,अथर्व भार्गव,उमाशंकर भार्गव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने स्वास्तिक वचन के श्लोकों के माध्यम से बालक को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रदान की।अंत में सौरभ भार्गव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य को जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और पूर्वजों की पुण्यतिथि इसी तरह के धार्मिक आयोजन कर मनाना चाहिए।

# दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा शासकीय सेवक की मृत्यु हो जाने पर दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति योजना का त्वरित लाभ दिये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिला पुलिस अशोकनगर अंतर्गत दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को प्रदान की जाने वाली अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस अशोकनगर अंतर्गत कार्यरत प्रआर स्व० प्रशांत सिंह राजपूत, जो इकाई के पुलिस पेट्रोल पंप पर पदस्थ थे, जिनका ब्रेन हेमरेज के कारण आकस्मिक निधन हो गया था। निधन उपरांत शासन द्वारा देय समस्त स्वत्वों का भुगतान नियमानुसार तत्काल कराया गया, साथ ही शासन के प्रावधानों के अनुरूप दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रकरण को प्राथमिकता देते हुए संबंधित शाखा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। परिणाम स्वरूप आज दिनांक 23.02.2026 को स्व० प्रआर प्रशांत सिंह राजपूत के ज्येष्ठ पुत्र रूद्रप्रताप सिंह राजपूत को आरक्षक (जीडी) के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा रूद्रप्रताप सिंह राजपूत को नियुक्ति प्राप्त करने पर कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ दायित्व निर्वहन हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की गई।



### अंडर ब्रिज बना लेकिन जगह-जगह से सड़क उखड़ी वाहन चालक हो रहे हैं दुर्घटनाओं का शिकार

पिपरई। नगर के रेलवे अंडरपास मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आमजन, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह जगह सरिया निकलने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर गिर रहे हैं, वहीं चारपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। रात के समय अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों और रहवासियों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह मार्ग शहर का प्रमुख आवागमन मार्ग है, ऐसे में इसकी अनदेखी समझ से परे है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। फिलहाल जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।

# हायर सेकंड्री बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

पिछले दो दिनों से अशोकनगर जिला मुख्यालय पर हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य प्रारंभ किया गया है। अब तक 310 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।

जिला मुख्यालय पर यह मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर बनाया गया है। यहां पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है। अभी हायर सेकेण्ड्री स्कूल के उत्तरपुस्तिकाओं के आते ही मूल्यांकन की शुरूआत की गई है। अब तक 18000 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आ चुकी हैं, जिसमें 17690 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। मूल्यांकन अधिकारी बीके बामोरिया ने बताया कि अंग्रेजी संकाय की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 7 परीक्षकों द्वारा अर्थ शास्त्र की 5 परीक्षकों द्वारा और भौतिक शास्त्र की 5 परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। 17 शिक्षक सोमवार को मूल्यांकन के कार्य में लगे रहे।

मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन करने के लिए प्रत्येक दिन कम से कम 45 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना अनिवार्य किया गया है। हाई स्कूल की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के लिए 15 रूपए प्रति कॉपी और हायर सेकेण्ड्री के लिए 15 रूपए प्रति कॉपी की दर से मूल्यांकन किए जाने वाली पुस्तिकाओं की राशि प्रदान की जाएगी। जो शिक्षक बाहर से मूल्यांकन केन्द्र तक आएगें उन शिक्षकों के लिए 180 रूपए टीए/डीए के रूप में अलग से प्रदान किए जाएगें। वर्तमान में परीक्षाएं भी चल रही हैं और उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी प्रारंभ हुआ है। ऐसे में जिन शिक्षको की डयूटी परीक्षा केन्द्र पर लगी है और उन्हें मूल्यांकन केन्द्र पर भी पहुंचना है तो ऐसे शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बोर्ड परीक्षाएं जिस दिन होगीं उस दिन परीक्षा केन्द्र में डयूटी देने वाले शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए 12:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है जिस दिन परीक्षा नहीं है उस दिन सुबह 10 बजे से 6 बजे तक का समय निर्धारित है। प्रतिदिन जितनी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है उसे माध्यमिक शिक्षा मंडल को अवगत कराया जा रहा है। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मूल्यांकन केन्द्र पर मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित किया गया है।

# 51 कुंडीय महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ मेले का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏩ मुंगावली

चन्देरी तहसील के बराना कनावटा के मध्य सिद्ध धाम मकरुआ स्थान पर चल रहे 51 कुंडीय महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ मंगलवार को समापन होगा। सोमवार को शिव परिवार की स्थापना और पूज्य गौलोक वासी संत बंसी बाले बापू जी की मूर्ति की भी समाधि स्थल पर स्थापित की गईं। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव भी मौजूद रहे। 18 फरवरी से चल रहे इस महायज्ञ का मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। इस दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उक्त कथा में भाग ले रहे हैं और भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। गुजरात से आये मुख्य यजमान जय भाई जोशी परिवार की मुख्य भूमिका में श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य क्रांतिकारी भरतदास महाराज ने सप्त दिवसीय भगवत कथा का रस पान कराया। 51 कुंडीय महायज्ञ यज्ञ आचार्य सुनील शास्त्री ने यजमानों के साथ यज्ञ में घी साकल की आहुतियो के साथ यज्ञ संप्पन कराया।

# ईसागढ़ एसडीएम ने आवेदकों की आवेदनों पर कार्रवाई कर जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏩ ईसागढ़

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्तमान में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाकर नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 होने से सोनाली पुत्री ओमप्रकाश विश्वकर्मा निवासी ईसागढ़, विवेक पुत्र इन्द्रभान सिंह यादव निवासी ग्राम सिलपटी एवं अमित पुत्र बलराम सिंह यादव निवासी ग्राम घुरवार कला द्वारा केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र के अभाव में आवेदन न कर पाने की समस्या से एसडीएम ईसागढ़ को सोमवार को अवगत कराया।

जिसके संबंध में त्रिलोचन गौड़ एसडीएम ईसागढ़ द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सभी आवेदकों/अभ्यर्थियों को केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया। अन्य



आवेदकों द्वारा भी उपस्थित होकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं यथा रेलवे आदि की वैकेंसी में आवेदन करने हेतु शीघ्र केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने का निवेदन किया। जिनके आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। देवेन्द्र पुत्र नेपाल सिंह यादव निवासी ग्राम मन्हेटी एवं विशाल पुत्र संतोष प्रजापति निवासी ग्राम भर्रोली तहसील ईसागढ़, राजू पुत्र बलराम सिंह प्रजापति निवासी ग्राम पचलाना, पूजा कुशवाह पुत्री बहादुर निवासी ग्राम सेमरखेड़ी, जीतू सिंह लोधी पुत्र पप्पू सिंह निवासी ग्राम छपरा, गोलू जाटव पुत्र तुलाराम जाटव निवासी ग्राम डुंगासरा, पवन पुत्र तुलाराम जाटव डुंगासरा, रितिक पुत्र हरवीर सिंह जाटव निवासी ग्राम जाजनखेड़ी, वरूण पुत्र दिनेश सोनी निवासी ईसागढ़ को तत्काल केंद्रीय जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में एपीसी की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏩ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एपीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता और संबंधित विभागों की योजनाओं की प्रगति और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संबंधित विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कृषि विभाग के अंतर्गत जैविक खेती,उद्यानिकी फसलों को बढावा देने तथा कृषि उद्यमी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उर्वरक वितरण व्यवस्था, नरवाई प्रबंधन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं, चना, मसूर के पंजीयन की संख्या बढाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन हेतु कॉल सेंटर के माध्यम से किसानों को सूचित किया जाए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बरदाने की उपलब्धता, परिवहन, स्टेकिंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर्स के बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

**Presiding Officer: मनीष भटट**

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000007/2025)
कन्हैयालाल मेहर Vs न्यू इंडिया इन्स, कंपनी
(MACC/0000008/2025)
सुशीला बाई अहिरवार Vs न्यू इंडिया इन्स, कंपनी
Process Id-06/2026
पेशी दिनांक : 07/04/2026

प्रेषिती- (1) साहिद खान पुत्र मोहम्मद रहीस खान
पत्ता- गुलाबगंज केंट गुना जिला गुना

यह कि प्रार्थी कन्हैयालाल मेहर एवं सुशीला बाई अहिरवार ने आपके विरूद्ध एमएसीसी /08/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23 Feb 2020 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
मनीष भट्ट
अति. सदस्य मो.दू. दावा अधिकरण चाचौड़ा जिला गुना (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का मंगलवार को अशोकनगर आगमन होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का दोपहर 3 बजे पीलीघटा (सिंध नदी) आगमन होगा। इसके बाद शाढौरा, मढ़ी, रतिखेड़ा, राजमाता चैराहा, बस स्टैंड, सेन चैराहा, विदिशा रोड़, गांधी पार्क, पुराना बाजार आदि स्थानों पर स्वागत होते हुए माधव भवन पहुंचेंगे जहां युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



### दिव्यांग राजू यादव शिक्षित होकर संवारेंगे अपना भविष्य

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम धौरा के निवासी दिव्यांग राजू यादव अपने दोनो पैरो से 80 प्रतिशत दिव्यांग है। दिव्यांग होने के बावजूद भी राजू यादव ने कक्षा 9वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है,अब वह कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा देकर अपने भविष्य को संवारने के लिए आगे बढना चाहते है। राजू यादव द्वारा सोमवार को जिला पंचायत पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन से मिलकर कक्षा 10वीं की पढ़ाई के लिए इच्छा जाहिर की। सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिव्यांग की हर संभव मदद किये जाने हेतु आश्वस्त किया। राजू यादव दिव्यांग होने के बावजूद शिक्षा के प्रति प्रेरणास्त्रोत बनेगें।

### ग्राम झागर में जर्जर किचन शेड को गिराए जाने की कार्रवाई

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत सेमरी शाहवाद का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सेमरी शाहवाद के ग्राम झागर के प्राथमिक स्कूल भवन के किचिन शेड जर्जर होने पर गिराये जाने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पंचायत सेमरी शाहवाद द्वारा ग्राम झागर के जर्जर किचिन शेड को जर्जर भवन घोषित किया जाकर गिराये जाने की कार्यवाही की गई।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने जनमेद अहिरवार के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कदवाया थाने की पुलिस ने ग्राम बख्तर निवासी हेमन्त गुर्जर के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने शिशुपाल आदिवासी निवासी चंदेरी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी अंकित रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित कुर्मी, नीतेश और संजू कुर्मी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेडी निवासी अंकेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भजनसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौद निवासी विशाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल, गोलू यादव और 3 से 4 अन्य लोगों ने फरियादी व उसके भाई से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी मधुर नारायण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ और संदीप चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करैया बुद्धू निवासी नीरज राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने आठ लाख के गहने और दो बाइक की जब्त

# सोवत में हुई नकबजनी की घटना में पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के कचनार थाने के अंतर्गत 15 फरवरी को ग्राम सोवत में हुई नकबजनी की एक घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना में लिप्त सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 लाख रूपए की कीमत का माल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है, आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गईं दो बाईक भी बरामद की हैं।

घटना की कहानी यह है कि पिछली 15 फरवरी को अशोकनगर जिले के दूरस्थ ग्राम सोवत में एक नकबजनी की घटना हुई थी। इस घटना में आरोपी घर में महिला को अकेली पाकर बड़ी बारदात कर भाग गए थे। यह घटना उस समय हुई थी जब महिला के पति और घर के अन्य सदस्य घर पर नहीं थे। घर के पास में रहने वाले पाताल उर्फ छोटू बाल्मीक इस पूरे मामले का मुख्य सरगना है जिसने इस घटना को लेकर पहले रैकी की और बाद में अपने परिचितों और रिश्तेदारों को बुलाकर इस घटना को अंजाम दिया। 15 फरवरी की रात 1 से 2 बजे के बीच इन आरोपियों ने घर में घुसकर महिला को डरा धमकाकर यह जेवर और नगदी 30 हजार रूपए चोरी कर ले गए थे जिसमें 5 लाख रूपए का सोना और शेष चांदी के जेवर थे। इस घटना की रिपोर्ट 62 वर्षीय फरियादी महिला शारदा बाई पत्नि देवी सिंह रघुवंशी द्वारा दर्ज कराई गई थी, रिपोर्ट के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।

**एसपी द्वारा किया गया था निर्देशित** : फरियादिया की रिपोर्ट के आधार पर थाना कचनार पर अपराध क्रमांक 35/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**आरोपियों के पास से चुराए गए जेवर शत प्रतिशत बरामद**

आरोपियों के कब्जे से चोरी गया संपूर्ण जेवर, जिसमें सोने की चैन, मंगलसूत्र, झुमकी, चांदी की पायलें, चांदी के टुकड़े तथा नगदी 30,000 रूपये सहित घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद कर जब्त की गईं। कुल बरामद माल की कीमत लगभग 08 लाख आंकी गई है। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ग्राम सोवत निवासी आरोपी पाताल उर्फ छोटू द्वारा पूर्व में घर की रैकी कर अपने अन्य रिश्तेदारों को बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया था। उक्त उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर, सउनि भरत सोलंकी, प्रआर शिवेन्द्र सिंह, प्रआर आशीष सिंह, प्रआर किशन सिंह, प्रआर कमल सिंह, आरक्षक सत्येन्द्र कुशवाह, आरक्षक केरन सिंह, आरक्षक राजीव शर्मा, आरक्षक अखलेश, आरक्षक विजय भार्गव, आरक्षक अंगार सिंह, चालक मनीष रघुवंशी एवं एनआरएस देवीलाल की सराहनीय भूमिका रही।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी कचनार को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।


**महिला अकेली घर पर होने के बाद दिया घटना को अंजामः** एसडीओपी विवेक शर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सोवत गांव सिंध नदी के उस पार है और पुल के समीप देवी सिंह रघुवंशी का घर है। उनके पास में ही पाताल उर्फ छोटू बाल्मीक रहता है जब भी देवी सिंह रघुवंशी अपने बच्चों के पास इन्दौर जाते थे तब छोटू बाल्मीक से कहकर जाते थे कि घर का ध्यान रखना। जब घर पर शारदाबाई रघुवंशी अकेली थीं तभी पाताल उर्फ छोटू बाल्मीक ने इस घटना को अंजाम देने के लिए अपने परिचितों को बुलाया जिसमें एक पनवाडी हाट थाना आरोन जिला गुना और दो म्याना के रहने वाले हैं। जिनमे साथ मिलकर नकबजनी की इस घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद कचनार थाना प्रभारी पूनम सेलर के प्रयास और उनके द्वारा भी मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली गई थी जिसके बाद पाया गया कि यह सभी आरोपी एक ही समाज के हैं इनके द्वारा जो कीमती जेवर चोरी किए गए थे उन जेवरों और नगदी रूपयों को बांट लिया गया था। सबसे पहले घटना की जानकारी पनवाडी में रहने वाले आरोपी के लिप्त होने की सूचना मिली, जिसके बाद उक्त आरोपी के बाद शेष आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**सभी आरोपी एक ही समाज के और आपस में रिश्तेदारः** थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर द्वारा विभिन्न टीमों का गठन कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सशक्त मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी जैकी पुत्र बृजेश बाल्मीक निवासी ग्राम मानपुर थाना म्याना जिला गुना, अमन पुत्र विनोद बाल्मीक निवासी ग्राम निबोदा थाना आरोन जिला गुना, पाताल उर्फ छोटू पुत्र हरवीर बाल्मीक निवासी ग्राम सोवत थाना कचनार एवं करन पुत्र सोनू बाल्मीक निवासी ग्राम मानपुर थाना म्याना जिला गुना को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

वन्यप्राणी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

## तेंदुआ का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिछली 17 फरवरी को वनपरिक्षेत्र चंदेरी में पाए गए क्लच वायर से बने फंदे से 01 तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया था। वन अमले द्वारा प्रकरण कायम कर जांच में लिया गया। अपराधियों को पकड़ने हेतु वनमंडल स्तरीय टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा स्थानीय मुखबिर तंत्र विकसित कर संकलित किये गए तथ्यों के आधार पर दिनांक 22-02-2026 को तहसील चंदेरी के ग्राम बेहटी से करन पुत्र कोमल सिंह उम्र 33 वर्ष एवं चंदू पुत्र प्यारेलाल दोनों निवासी बेहटी तहसील चंदेरी को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 यथा संशोधन 2022 के तहत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय चंदेरी में पेश किया गया जहां से अपराधियों को जेल भेजा गया। वर्तमान में न्यायालयीन कार्यवाही प्रचलित की गई । वनमंडल अधिकारी द्वारा वन्य प्राणियों के प्रति सहानुभूति रखने एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त नागरिको से अपील की गई।

### छात्रावास में निवासरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, पोषण आहार के बारे में किया जागरूक



**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत अपने छठे प्रोजेक्ट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें पठार पर स्थित छात्रावास में रह रही छात्राओं की स्वास्थ्य की जांच करवाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रावास की लड़कियों को स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस प्रोजेक्ट में डॉक्टर सीमा यादव और डॉक्टर मेघा भंवर ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की उनके स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा डॉक्टर ने उन्हें स्वस्थ आदतें अपनाना, व्यक्तिगत स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। क्योंकि स्वास्थ्य ही शिक्षा की पहली नींव है। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने कहा कि हमारा मकसद न सिर्फ जांच करवाना है अपितु बालिकाओं को स्वस्थ जीवन की दिशा में मजबूत बनाना है। और आगे भी हम यह प्रयास करते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव मीता सदाना के साथ सुनीता छाबड़ा, पूनम, कुसुम, रिंकी, डॉली आदि अनेक सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

स्कूल के मुख्य द्वार पर ताले लटके, बच्चे इंतजार करते रहे

## अर्रोन और भीलरी के शासकीय स्कूलों में शिक्षक नहीं आए समय पर ...!







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में शासकीय शालाओं में शिक्षकों के न पहुंचने से स्कूली बच्चों को स्कूल खुलने का इंतजार करना पड़ रहा है। चन्देरी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम अर्रोन और भीलरी में शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल नहीं पहुंचते, बल्कि अपनी मनमानी के अनुसार देर से आते हैं, जिसके कारण बच्चे स्कूल के बाहर खड़े रहकर शिक्षकों का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं।

आज इन गांवों में स्कूल के बाहर बच्चे खड़े दिखाई दिए। बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि अभी तक टीचर नहीं आए हैं और उनका कोई पता नहीं है। भीलरी स्कूल के बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने भी यही शिकायत की कि टीचर का कोई फिक्स टाइम टेबल नहीं है। कभी वह 11 बजे आ जाते हैं, तो कभी दोपहर 12 बजे तक पहुंचते हैं। इससे बच्चों को बाहर इंतजार करना पड़ता है और पढ़ाई प्रभावित होती है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब याद किया जाए कि कुछ समय पहले जिले के पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक निरीक्षण शुरू किया था। उनके दौरे के दौरान स्कूल समय से पहले खुलने लगे थे और शिक्षकों में डर का माहौल था कि कहीं कलेक्टर न आ जाए। लेकिन अब कलेक्टर के निरीक्षण कम होने के बाद शिक्षक फिर से अपनी लापरवाही पर उतर आए हैं और स्कूल मनमाने ढंग से खुल रहे हैं। इस पूरे मामले की जानकारी जब बीआरसीसी देव प्रकाश गोयल को दी गई, तो उन्होंने शिक्षकों की इस लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी करने की बात कही।

बीआरसीसी ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों से लिखित जवाब मांगा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह के मामले सामने न आएं। इस वाकिए ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय अभिभावक और बच्चे मांग कर रहे हैं कि शिक्षकों की उपस्थिति पर सख्त निगरानी हो और समय पर स्कूल खुलना सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

23 फरवरी फोटो न.14 बच्चे स्कूल खुलने का इंतजार करते देखे गए।

**अशोकनगर अनुविभाग में अतिक्रमण हटाने के लिए दल गठित किए गए**

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अनुविभाग अशोकनगर के तहत अतिक्रमण हटाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा दल गठित किया गया है। अशोकनगर के नगरीय क्षेत्र के लिए तहसीलदार अशोकनगर (दल प्रभारी), मुख्य नपा अधिकारी संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित पटवारी होगें। तहसील अशोकनगर वृत्त-अशोकनगर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र हेतु तहसीलदार अशोकनगर (दल प्रभारी),मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं अशोकनगर, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित पटवारी/सचिव ग्राम पंचायत,संबंधित ग्राम कोटवार होगें। वृत्त-कचनार के लिए ग्रामीण क्षेत्र हेतु नायब तहसीलदार वृत्त-कचनार (दल प्रभारी),मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं अशोकनगर, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित पटवारी/सचिव ग्राम पंचायत,संबंधित ग्राम कोटवार होगें। तहसील अशोकनगर वृत्त- राजपुर ग्रामीण क्षेत्र हेतु नायब तहसीलदार वृत्त-राजपुर (दल प्रभारी),मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं अशोकनगर, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित वीट प्रभारी (वन विभाग), संबंधित पटवारी/सचिव ग्राम पंचायत, संबंधित ग्राम कोटवार होगें। तहसील शाढौरा अंतर्गत नगरीय क्षेत्र हेतु तहसीलदार शाढौरा (दल प्रभारी), मुख्य नप अधिकारी शाढौरा, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित पटवारी होगें। तहसील शाढौरा वृत्त- शाढौरा ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार शाढौरा (दल प्रभारी), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं अशोकनगर, संबंधित राजस्व निरीक्षक,संबंधित पटवारी/सचिव ग्राम पंचायत संबंधित ग्राम कोटवार होगें।

## मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई अशोकनगर के तत्वाधान में मासिक गोष्ठियों की श्रखंला में फरवरी माह की काव्य गोष्ठी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गौशाला अशोकनगर के हाल में आयोजित की गई। स्कूल की ओर से राजेश श्रीवास्तव ने सभी कवि एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता लेखक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष सुभाष जैन सरल ने की तथा मुख्य अतिथि हिन्दी साहित्य भारती के प्रदेश महामंत्री दिनेश बिरथरे एवं बिशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार भागचंद जैन रहे। गोष्ठी का संचालन महेश श्रीवास्तव ने किया। जगदीश शर्मा की सरस्वती वन्दना से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। नगर के कवि सुधीर गुप्ता ने बताया कि अशोकनगर में प्रत्येक माह कम से कम एक गोष्ठी अवश्य आयोजित की जाती है। गोष्ठी के पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश विरथरे द्वारा गोष्ठी में सम्मिलित कवियों की कविता की समीक्षा की गई, जिसका उद्देश्य लेखकों कवियों की लेखन क्षमता में वृद्धि के साथ साथ निखार लाना है। मासिक गोष्ठियों की श्रृंखला में यह फरवरी माह की गोष्ठी आयोजित की गई है।

गोष्ठी में सुभाष सरल ने माटी से पैदा हुए माटी में मिल जाना है, माटी में मिलने से पहले माटी का कर्ज चुकाना है, पढ़कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी प्रकार सुधीर गुप्ता ने सच्ची में कहता हूं बस ये ही सार है, पूछ है पैसे की बाकी सब बेकार है नामक व्यंग्य कविता पढ़कर खूब तालियां बटोरी। दिनेश विरथरे की रचना मां बेटा सा पावन रिश्ता जग में न हुआ कोई दूजा, इस रिश्ते को मानव तो क्या भगवान ने भी आकर पूजा विशेष सराही गई, जगदीश शर्मा सहज के सवैया छंद लाज लजी सखियां बृज की ललि, पूजन को यमुना तट आई, सौंप दिया मनमोहन को मन प्रेम पुजारिन ध्यान लगाई ने सबका मन मोह लिया। रस परिवर्तन करते हुए व्यंग्य कवि महेश श्रीवास्तव की कविता खिसक खिसक के कहे पजामा काहे दूबरे भए जा रहे, तब किसान भन्ना के बोलो हम कछुअई नहीं खा पा रहे ने सबको खूब हंसाया। कवि गिरजेश भार्गव ने करीलाधाम को समर्पित गीत लोक संस्कृति देखी अद्भुत इस पथरीले गांव में, जहां आई थी स्वर्ग अप्सरा घुंघरू बांधे पांव में, ने समा बांध दिया। नवोदय कवियत्री सलोनी पाल ने ए जिंदगी की मुश्किलें कब तक आजमाओगी, मुझे रुला कर कब तक खिल खिलाओगी, एक दिन तुम खुद ही हार मान जाओगी ने खूब वाही वाही बटोरी। प्रियकांत माथुर ने आम आदमी को इंगित करती हुई कविता आम आदमी के जीवन का इतिहास आज में लिखता हूं पढी।

गोष्ठी में भागचंद जैन ने कहा संस्कारवान युवा पीढ़ी से समाज सुसंस्कृत रहता है, यशोगान में यश पताका सदा अलंकृत रखता है। लक्ष्मीनारायण सोनी की कविता अगर भूल से बेटियों को गर्भ में मार दोगे तो बेटों के लिए बहुएं कहां से लाओगे श्रोताओं द्वारा सराही गई। होश्यार सिंह राजपूत का पैरोडी गीत ये दुनिया है आवारा,यहां आना ना दोबारा एवं राजेश श्रीवास्तव की कविता मां एवं पुत्र का अति प्रेम मन की भावना, हम धन को देखते हैं ईश्वर हमारा समय देखता है को खूब पसंद किया गया। प्रेम नारायण श्रीवास्तव ने नारी शक्ति को समर्पित कविता जीवन की औषधि नारी है तन मन सेवा करती है प्रस्तुत की। काव्य गोष्ठी में कवियों के साथ साथ अन्य श्रोताओं ने भी गोष्ठी का आनंद लिया। अंत में सुधीर गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## चन्द्र प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू समर्पित किए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

### चंद्र प्रभु विधान का आयोजन किया

नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर सोमवार को जैन धर्म के अष्टम तीर्थंकर भगवान श्री चंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक बड़े भी भक्तिभाव और धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष,महिला,और बच्चे शामिल हुए।

सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे इस शुभ अवसर पर विशेष शांतिधारा की गई जिसमें प्रथम शांतिधारा पूर्व अध्यक्ष चंद्रेश मोदी, दिनेश जैन, सतीश, संजय जैन,दीपक नायक, परिवार को मिला वही छ परिवाओं को निर्वाण लाडू समर्पित करने को सौभाग्य मिला,। इसके बाद चंद्र प्रभु विधान का आयोजन किया गया जिसमें चंद्र प्रभु भगवान को अर्घ समर्पित किए गए। मोक्ष कल्याणक की तैयारी जैन श्रद्धालुओं द्वारा एक दिन पूर्व ही शुरू कर दी गई थी। जिसमें सुनील नायक,मोनू भगत, अनुज जैन, विवेक मोदी, डॉक्टर जेके जैन, प्रदीप बहादुरपुर, जल व्यवस्था राजीव जैन, मानव जैन, प्रमोद सिंघई, अंकित जैन, व्यवस्थाएं कराई गई।


साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

## शिकायतों का संतोषजनक निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा के लंबित पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समय सीमा के लंबित पत्रों,सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, कलेक्टर-कमिश्नर्स वीडियों कान्फ्रेंस के एजेंडा बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन, ई-ऑफिस, संकल्प से समाधान अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर मालवीय द्वारा विभागवार टीएल प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समय सीमा में प्राप्त होने वाले पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए



अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का संतोषजनक निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। निराकरण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए मैदानी स्तर पर सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभागों को शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही कर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। ई-ऑफिस प्रणाली के अपडेशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यालयीन कार्यो में गति लाने के लिए ई-ऑफिस का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों एवं मांगो का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजनान्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है,उन्हें हेण्डओवर किया जाए। साथ ही इनका सुचारू रूप से संचालन किया जाए। बैठक में निर्देश दिए कि सप्ताह में शनिवार को स्कूलों में बाल सभा का आयोजन नियमित रूप से किया जाए।

### मुख्यालय स्थित तीनों कंपाजिट शराब दुकानों में से किसी पर नहीं लगी रेट लिस्ट

# बगैर रेट लिस्ट लगाए प्रिंट रेट से महंगे दामों में बेची जा रही शराब

## आबकारी विभाग के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, लुट रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय पर ही विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी सहित देशी शराब निर्धारित रेट से अधिक दामों में बेची जा रही है। मुख्यालय स्थित तीनों कंपाजिट शराब दुकानों के विक्रेताओं ने गाड़ी कमाई करने अपनी दुकानों के बाहर शराब के रेट के संबंध में किसी तरह की रेस्ट लिस्ट का बोर्ड या सूची नहीं लगाई हुई है। गत वर्ष हरिभूमि द्वारा यह मामला उठाए जाने पर कुछ दुकानों पर रेट लिस्ट के बोर्ड लगवाए दिए गए लेकिन अब हालात फिर से पुराने ढर्रे पर नजर आ रहे हैं। इस वर्ष शराब दुकानों का ठेका लेने वाले शराब व्यवसायियों की मनमानी के आगे लोग ठगे जा रहे हैं। इसमें आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यालय की सीमा क्षेत्रान्तर्गत देसी, विदेशी मदिरा की तीन




दुकानें हैं। मुख्य बस स्टैंड, मिडवे ट्रीट के सामने एवं तीसरी नेवज नदी के छोटे पुल के समीप पार्क में स्थित हैं। इन तीनों ही दुकानों पर किसी तरह की कोई रेट लिस्ट नहीं लगी हुई है। तीनों दुकानों पर प्रिंट रेट से ज्यादा राशि में महंगी शराब बेची जा रही है। बड़ी बात तो यह है कि जब मुख्यालय स्थित शराब दुकानों पर नियमों की अनदेखी के यह हाल हैं तो अन्य कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का आंकलन स्वयं ही किया जा सकता है। आबकारी विभाग के कई बड़े अधिकारी मुख्यालय पर ही निवासरत हैं। इसके बावजूद शराब विक्रेताओं की इस मनमानी पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### ठेके पर ही खुलेआम बैठकर शराब पीते हैं लोग

बड़ी बात यह भी शराब दुकानों पर बैठकर शराब पीना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद सार्वजनिक स्थलों पर स्थित इन शराब दुकानों पर ही लोग खुलेआम बैठकर शराब का सेवन करते देखे जा रहे हैं। स्थानीय बस स्टैंड स्थित स्थित शराब दुकान के पास प्रतिदिन महिलाओं, आम यात्रियों की आवाजाही रहती है। ऐसे में शराब दुकानों के बाहर शराब पीने वाले लोग अक्सर अभद्रता करते भी देखे जा सकते हैं।

### रात में भी मिल जाती है शराब

शराब विक्रेताओं द्वारा नियमों का मखौल उड़ाए जाने का मामला सिर्फ रेट लिस्ट तक ही सीमित नहीं है। बल्कि दुकान खोलने और बंद करने के निर्धारित समय का भी शराब दुकानदारों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। पुराने बस स्टैंड स्थित पार्क में भी चौबीसों घंटे शराब मुहैया करवाई जा रही है। हरिभूमि के पास रात 2 बजे इस दुकान से शराब दिए जाने के वीडियो आदि उपलब्ध हैं। इसके साथ ही तीनों दुकानों से प्रिंट से अधिक राशि में बेची जा रही शराब के अलग-अलग समय पर बनाए गए वीडियो भी सुरक्षित हैं।

#### इनका कहना है...

मैं अधीनस्थों को भेजकर दुकानों को चेक करवा लेता हूं। मदिरा दुकानों पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है।

रितेश लाल
जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

### लाखों लोगों में से 1 को होता है लिंग कैंसर

# दुर्लभ कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अंकुर देशवाली ने हलाहेडी ग्राम के 35 वर्षीय पुरूष भंवरलाल के लिंग में सूजन और दर्द तथा पेशाब रुकने की शिकायत के साथ जिला अस्पताल में भर्ती हुए। इसमें लिंग कैंसर का मामला सामने आया जिसमें आपातकाल ऑपरेशन योजना और कैथेराइजेशन के साथ आंशिक पेनेक्टॉमी की गई। लिंग ऑपरेशन के दौरान जांच में लिंग पर 25 सेमी की गांठ पाई गई जिसमें नाजुक ऊतक थे और छूने पर खून वह रहा था। कैंसर को हटाकर लिंग का पुनर्निमाण किया गया। इस जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालात स्थिर है। उल्लेखनीय है कि इसी सर्जिरी में निजी अस्पताल लाखों का बिल बनाकर मरीज का आर्थिक शोषण करते परंतु डॉ अंकुर देशवाली ने इसको निःशुल्क ही सरकारी जिला



अस्पताल में ऑपरेट कर मिशाल कायम की है।

### बाहर आता लाखों का खर्च

यदि निजी अस्पताल में यही ऑपरेशन किया जाता तो लाखों रुपए का खर्च मरीज को बहन करना पड़ता। परंतु डॉ अंकुर देशवाली के चलते यही ऑपरेशन बिना किसी खर्च के पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ अंकुर देशवाली जिले के लिए वरदान साबित हो रहे हैं जिन्होंने कई क्रिटिकल ऑपरेशन निःशुल्क करके जिले में ख्याती प्राप्त की है।

## 80 साल की महिला के आभूषण लूटने का प्रयास

### शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे घटना स्थल

**जीरापुर**। ग्राम मान्याखेड़ी में खलिहान में काम कर रही एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का गला दबाकर चांदी के कड़े लूटने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलाबाई पत्नी स्वर्गीय भंवरलाल गुर्जर, निवासी ग्राम मान्याखेड़ी, रविवार दोपहर करीब 1 बजे अपने खलिहान में कार्य कर रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक युवक ने उनका गला दबाकर हाथों में पहने चांदी के कड़े निकालने की कोशिश की। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी। खलिहान बायपास एवं गांव के नजदीक होने से शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी के चंगुल से महिला को छुड़ाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोपाल पिता नानूराम बागरी, निवासी पिलवास, थाना नलखेड़ा बताया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि जीरापुर क्षेत्र में पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## छात्रावास रसोईये को हटाया, अधीक्षक को नोटिस जारी

**राजगढ़**। खिलचीपुर क्षेत्र स्थित 50 सीटर विमुक्त जाति बालक छात्रावास के बच्चों को समय पर भोजन न देने व अन्य लापरवाहियों पर प्रशासनिक जांच के बाद रसोईये, छात्रावास अधीक्षक और तैनात जलवाहक पर कार्यवाही की गई है। अंशकालिक रसोईये को जहां मौखिक आदेश पर हटा दिया गया है वहीं जलवाहक का 7 दिन का वेतन काटने एवं अधीक्षक व जलवाहक को शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार उक्त छात्रावास के बच्चों ने शिकायत की थी कि उन्हें रविवार को भोजन नहीं दिया गया वहीं छात्रावास में गंदे पानी की समस्या व अन्य लापरवाहियां सामने आई थीं। मामला सामने आने पर प्रशासन ने जब जांच करवाई तो सामने आया कि जलवाहक(स्थाईकर्मी) प्रेमनारायण द्वारा 22 फरवरी की सुबह रसोईघर का ताला लगाकर चला गया था। जिसके चलते बच्चों को खाना नहीं मिल पाया है। मामले में लापरवाही पाए जाने पर छात्रावास अधीक्षक रामप्रसाद को नोटिस देने एवं जलवाहक का 7 दिवस का वेतन काटने के आदेश प्रसारित किए गए हैं। इसके साथी अंशकालिक रसोईये को भी हटा दिया गया है।

**बच्चों ने की थी समय पर खाना न मिलने की शिकायत**

**आरोपियों के पास से ठगी की राशि की गई बरामद**

## किसान से 39 लाख की ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़**। क्षेत्र के एक किसान को पहले से बिक चुकी एक जमीन दिलाने के नाम पर 39 लाख की धोखाघड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से ठगी की पूरी राशि भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### यह था पूरा मामला

एसपी ने बताया कि जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम शिवपुरा ने नरसिंहगढ़ थाने में शिकायत की थी कि बांध निर्माण में उनकी जमीन डूब में गई थी। प्रशासन से मुआवजा के रूप में मिली राशि से वो अन्यत्र स्थान पर दूसरी कृषि भूमि क्रय करना चाहता था। इस दौरान जगदीश की मुलाकात धर्मेंद्र चैहान एवं एवं अजब सिंह दोनों निवासी थाना पथरिया जिला विदिशा से हुई। दोनों ने जगदीश को झांसे में लिया और 75 लाख में एक जमीन का सौदा तय हुआ। फरियादी जगदीश ने बयाना राशि के रूप में 14 लाख नकद एवं 25 लाख रुपए आरोपियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब बात जमीन की रजिस्ट्री की आई तो आरोपियों ने हीलाहवाली की। काफी समय बीतने पर भी जब जगदीश को



रुपए नहीं लौटाए गए तो उसने नरसिंहगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

### पूर्व में ही अन्य को बेची जा चुकी थी जमीन

जांच में ज्ञात हुआ कि संबंधित भूमि पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी थी एवं मामला भी न्यायालय में विचारधीन था। तब नरसिंहगढ़ पुलिस ने पूरा प्लान करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे ठगी का पूरी 39 लाख रुपए राशि भी बरामद कर ली।

## तस्करी करते 80.42 किलो गांजा बरामद तीन गिरफ्तार

**कुरावर**। पुलिस ने एनएच 46 नरसिंहगढ़-भोपाल रोड पर स्थित श्रीदेव ढाबा के पास एक ट्रक से 80.42 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत बाजार में लगभग पांच लाख आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान कालू सिंह उर्फ कालूसिंह सोंधिया, राजू उर्फ राजा राठौर और गिरिराज चैहान के रूप में हुई है। ये सभी ग्राम मेनाखेड़ी, थाना जीरापुर, जिला राजगढ़ के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 6477 को रोककर तलाशी ली, जिसमें 80.42 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में धारा 8द्20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गुटखा पाउच सहित 17 हजार नकदी और सामान ले उड़ चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिंधी कॉलोनी में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के ताले तोड़कर लगभग 17 हजार रुपए नकद, गुटखा पाउच और अन्य किराना सामान चुरा ले गए। दुकानदार राजेंद्र रामानी रविवार सुबह जब दुकान पहुंचे, तो दुकान के ताले टूटे थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी।

उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में मदद कर रही है। दुकानदार राजेंद्र रामानी ने बताया कि उनकी



दुकान से करीब 17 हजार रुपए नकद, राजश्री के पाउच और महंगी टॉफियां सहित अन्य किराना सामान चोरी हुआ है। उन्होंने मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई इस वारदात पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। स्थानीय निवासी नरेंद्र धनवानी ने भी सुबह दुकान के ताले टूटे होने और अंदर से नकदी व सामान गायब होने की पुष्टि की। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### अभद्र व्यवहार और पटवारियों की मांग पर ध्यान नहीं दिए जाने की शिकायत

# तहसीलदार के खिलाफ लामबंद हुए पटवारी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

तहसीलदार विराट अवस्थी की कार्यप्रणाली से नाराज पटवारी संघ ने सोमवार को तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस दौरान संघ के बैनर तले कोठी बाग में पटवारी एकत्रित हुए और तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर प्रहार किए। इस दौरान पटवारियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।

पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए तहसीलदार को हटाने की मांग की है, पटवारियों का कहना है कि यदि तहसीलदार को नही हटाया गया तो वे काम नही करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष हेमंत सक्सेना, सचिव विनोद सक्सेना, बब्लू चैधरी, विजय साहू, सुनील यादव, मनीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में



पटवारी मौजूद थे। देखने मे आया है कि तहसीलदार अवस्थी के हठधर्मी रवैये से न केवल पटवारी परेशान है बल्कि आम जनो को भी समस्याएं झेलना पड़ती है। छोटे छोटे कामो के लिए तहसील कार्यालय में परेशान लोगो के आये दिन मामले सामने आते रहते है।

### ज्ञापन में गिनाई समस्याएं

- कई बार लिखित ओर मौखिक शिकायतों के बाद भी डीए का भुगतान नहीं
- समयमान - वेतनमान का भी नहीं मिल रहा लाभ
- नवीन पटवारियों को नहीं मिल रहा फरवरी का वेतन
- हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पटवारी राघवेंद्र मीणा, अर्चना प्रजापति को एरियर का नहीं कर रहे भुगतान
- कृषि संगणना भुगतान बाकी, देर शाम लेते हैं मीटिंग। महिला पटवारी को होती है अभद्रता
- इमरजेंसी के दौरान भी पटवारियों का अवकाश आवेदन निरस्त कर तहसीलदार अभद्रता करते है।
- फार्मर आईडी में निरन्तर प्रोग्रेस के बाद भी पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रमुख जन गोष्ठी का किया आयोजन

**सारंगपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सारंगपुर खंड द्वारा प्रमुख जनों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजगढ़ विभाग के संघचालक उदयसिंह चौहान एवं तहसील खंड चालक राधेश्याम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भूमिका जिला बौद्धिक प्रमुख सुशील व्यास ने प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में चौहान ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य, कार्यपद्धति तथा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ द्वारा निर्धारित पांच परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को राष्ट्र उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

भारत ने सदियों से विश्व का मार्गदर्शन किया है और भविष्य में भी भारत को विश्वगुरु बनाने हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होकर कार्य करना होगा। गोष्ठी में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक




कर्तव्य, शिक्षाचार और स्वदेशी जैसे विषयों पर भी विचार रखे गए। उपस्थित जनों के साथ समाज जीवन में किए जाने वाले करणीय कार्यों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संघ, पेंशन संघ, शिक्षक संघ, मातृशक्ति, पत्रकार बंधु एवं वरिष्ठ नागरिकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक मंत्री टेटवाल की मौजूदगी में आयोजित



**सारंगपुर**। रविवार को मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर के परिसर का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के बाद मंत्री टेटवाल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अस्पताल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मंत्री टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हों। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लाइन क्षतिग्रस्त कर तालाब में भर रहे थे पानी

# पेयजल लाइन में तोड़फोड़ करने वाले ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के मोहनपुरा बांध से संबद्ध जल निगम की पेयजल लाइनों से हर घर, नल से जल पहुंचाया जा रहा है। लेकिन, कुछ ग्रामीणजन अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए शासन की महती योजना को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही तीन किसानों पर जल निगम और प्रशासनिक टीम ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार कालीपीठ क्षेत्र में मोहनपुरा की पेयजल पाईपलाईन को क्षतिग्रस्त कर तीन ग्रामीणों द्वारा पानी का का उपयोग तालाब भरने में किया जा रहा था। प्रशासन को इस बात की सूचना



मिलने पर जल निगम और पुलिस की टीम को मौके पर भिजवाया गया। सूचना सही पाई गई। यहां तीन किसानों नाथूलाल पिता देवीलाल दांगी, विष्णु पिता रामप्रसाद दांगी एवं शिवनारायण पिता माता प्रसाद द्वारा द्वारा मुख्य पेयजल लाईन में तोड़फोड़ कर पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है। इस कृत्य से 20 गांवों में पेयजल सप्लाई बाधित हुई और हजारों ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में उक्त तीनों ग्रामीणों पर बीएनएस की धारा 152 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### मौके पर पहुंची टीम सुचारू करवाई लाइन

जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी ने बताया कि पाइप लाइनों में नुकसान पहुंचाना एक गंभीर अपराध है। ऐसे में उक्त वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही टीम में शामिल योगेंद्र तोमर, जया शिवहरे व अन्य अमले द्वारा क्षतिग्रस्त लाईनों को तुरंत दुरुस्त भी करवाया गया। चौधरी ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं सामने आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमओ रानवे ने संभाला प्रभार

# मोबाइल प्यूरिफायर एवं कूलिंग वाटर टैंकर का किया लोकार्पण




**सारंगपुर**। नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर प्रशासनिक फेरबदल के बाद दीपक कुमार रानवे ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की उपस्थिति में कार्यभार संभाला। पूर्व सीएमओ ज्योति सुनहरे को उनकी कार्यप्रणाली के दृष्टिगत संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल के आदेश दिनांक 19 फरवरी 2026 के तहत आगामी आदेश तक संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, नर्मदापुरम से अस्थाई रूप से संबद्ध किया गया है। इसके अनुक्रम में कलेक्टर (शहरी विकास) जिला राजगढ़ के आदेश दिनांक 20 फरवरी 2026 के तहत उन्हें कार्यमुक्त किया गया। साथ ही नगर परिषद पचोर में पदस्थ प्रभारी सीएमओ दीपक कुमार रानवे को अपने मूल दायित्वों के साथ नगर पालिका परिषद सारंगपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।